# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक– BRRDA(HQ) MMGSY (BRICS)-75/17307/ पटना, दिनांक– 21.3.18

प्रेषक,

संजय कुमार भा०प्र०से०
अपर सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषय : मुख्यशीर्ष 4515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय, उपमुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–103–ग्राम विकास, समूह शीर्ष–राज्य योजना के अन्तर्गत उपशीर्ष–0519–मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना [NDB(BRICS) सम्पोषित], जिसका विपत्र कोड संख्या–37– 4515– 00– 103– 0519 है, मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना [NDB(BRICS) सम्पोषित] के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए निम्न योजनाओं के निर्माण कार्य हेतु अलग–अलग योजनाओं के लिए पथवार प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किये जाने के संबंध में।

महाशय,

मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत [NDB(BRICS) सम्पोषित] वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए पथ निर्माण की कुल 54 अद्द योजनाओं के निर्माण कार्य हेतु निम्न तालिका के स्तम्भ–10 में अंकित राशि की पथवार प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किया जाता है।

| Sl. No. | District | Division | Block | Road From | Road To | Population Served | State Link No | Length as per DPR (KM) | Administrative Approval Amount in (Lacs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Begusarai | Balia | Dandari | Jai Jai Ram Paswan Houses | Middle School Kalyanpur | 417 | 00 | 0.65 | 46.607 |
| 2 | Begusarai | Balia | Sahebpur Kamal | RWD path | Kachahri | 1100 | S04 | 0.75 | 47.943 |
| 3 | Begusarai | Balia | Shamho Akha Kurha | Bajrangwali Mander | Suryegarh Koyalwa Barhbaswa T01path | 550 | 00 | 0.525 | 32.485 |
| 4 | Begusarai | Balia | Shamho Akha Kurha | Arjun Sha | L021 Sisbani Pmgsy Path | 375 | 00 | 0.7 | 41.998 |
| 5 | Begusarai | Teghra | Bachhwara | BHARAULCHAK | PURNA STHAN DHALA | 316 | S035 | 2.8 | 156.49 |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | Begusarai | Teghra | Bhagwanpur | T03 GARA HOSPITAL | PRIMARY SCHOOL SURYAPURA | 1713 | S045 | 2.2 | 121.51 |
| 7 | Begusarai | Teghra | Bhagwanpur | T02 MADHEPURA | DOHTA VIA DALIT TOLA TELIYANI POKHAR | 536 | S037 | 3.26 | 180.41 |
| 8 | Begusarai | Teghra | Bhagwanpur | PWD ROAD VISHANPUR | MURARAPUR SARASWATI STHAN | 315 | S026 | 1.265 | 71.67 |
| 9 | Begusarai | Teghra | Mansurchak | MAHENDRA GANJ SIVALA | KALI STHAN VIRGANJ | 446 | S010 | 1.04 | 53.72 |
| 10 | Begusarai | Teghra | Mansurchak | BALAN RIVER POOL | FATAK CHAUK VIA PURANI BAZAR | 354 | S08 | 1.115 | 73.61 |
| 11 | Begusarai | Teghra | Mansurchak | PWD ROAD KHOKHSA CHAUK | SATHA CHAKKA | 915 | S02 | 1.19 | 63.40 |
| 12 | Begusarai | Teghra | Teghra | T02 NH-28 RAMAYAN JHA CHIMNI | KUMHAR TOLA HOUSE OF MD. MUKHTAR | 335 | S034 | 1.45 | 86.87 |
| 13 | Darbhanga | Darbhanga-1 | Hanumannagar | RAMPURDIH | KUTTI TOL BNUALI | 782 | S103 | 0.91 | 48.1 |
| 14 | Darbhanga | Darbhanga-2 | Keoti | NH 105 | Pathara Khirma Bazar | 459 | S051 | 0.35 | 20.33 |
| 15 | Purba Champaran | Areraj | Areraj | S.H Manguraha | Barkurwa Nahar | 600 | S03 | 1.11 | 75.2 |
| 16 | Purba Champaran | Areraj | Areraj | PWD SH Mamarkha | Harijan Toli | 460 | S013 | 1.811 | 111.1 |
| 17 | Purba Champaran | Areraj | Paharpur | Utari Nonia Kachahari Tola | Tiwari Tola | 334 | S07 | 2.375 | 160.94 |
| 18 | Purba Champaran | Areraj | Paharpur | Akona | Sohraiya | 277 | S010 | 3.678 | 250.3 |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 54 | Saran | Marhaura | Panapur | PMGSY path Belaur | Simari SH path | 685 | S012 | 2.68 | 181.77 |
| | | | | | Total | 39957 | 0 | 64.54 | 3817.63 |

विभागीय सचिव द्वारा दिनांक 31.12.17 को निम्न शर्तों के साथ इन योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है :–

(क) इस योजनाओं को वित्तीय वर्ष 2018–19 में पूरा किये जाने का लक्ष्य है।

(ख) संबंधित कार्यपालक अभियंता योजनाओं के विस्तृत कार्य योजना तैयार करेंगे तथा उसके अनुरूप कार्यो को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

(ग) स्वीकृत योजनाओं की प्रविष्टि State Core Network के मानचित्र पर भी कर लिया जायेगा।

(घ) संबंधित कार्यपालक अभियंता सुनिश्चित करेंगे कि स्वीकृत पथ किसी अन्य योजना के अन्तर्गत सम्मिलित नहीं है।

3. संबंधित कार्यपालक अभियंता कार्य प्रमंडलों योजनाओं के कार्य सम्पादन हेतु निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे।

4. कार्य की निविदा, ई–निविदा के माध्यम से मुख्यालय द्वारा करायी जायेगी।

5. कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जिम्मेवारी संबंधित कार्यपालक अभियंता की होगी। किये गये कार्यो का भुगतान गुणवत्ता के जाँच फल के गुण–दोष के आधार पर किया जायेगा।

6. कार्यो का क्रियान्वयन मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना की मार्गदर्शिका के आलोक में किया जायेगा।

7. योजना के कार्यान्वयन के पूर्व डी0पी0आर0 पर सक्षम पदाधिकारी से प्रावैधिक स्वीकृति प्राप्त कर ली जायेगी।

8. योजना की तकनीकी स्वीकृति प्रदान किये जाने के क्रम में प्रावधानित प्रत्येक मद् की संभाव्यता की जाँच सक्षम प्राधिकार द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

9. मुख्यशीर्ष 4515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय, उपमुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–103–ग्राम विकास, समूह शीर्ष–राज्य योजना के अन्तर्गत उपशीर्ष–0519–मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना [NDB(BRICS) सम्पोषित], जिसका विपत्र कोड संख्या–37– 4515– 00– 103– 0519 है।

(क) मुख्यमंत्री ग्राम संम्पर्क योजना [NDB(BRICS) सम्पोषित].के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए बिहार कोषागार संहिता में निहित प्रावधानों के आलोक में बजट प्रावधान के अंतर्गत निधि की उपलब्धता के आधार पर राशि की निकासी की जायेगी।

(ख) वित्त विभाग के संकल्प संख्या–96 वि(2), दिनांक–03.01.2008 में निहित निदेशों का अक्षरशः पालन किया जाय तथा बिहार वित्त नियमावली के सुसंगत प्रावधानों को आलोक में योजना में उपबंधित राशि की उपलब्धता के आधार पर व्यय की जायेगी।

(ग) यह राशि उसी मद मे खर्च की जायेगी, जिसके लिए पुर्नविनियोजित की गयी है, अन्य मद में नहीं।

(घ) प्राक्कलन कि विशिष्टताओं के अनुसार निर्धारित समयावधि के अन्दर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।

(ङ) योजना के कार्यान्वयन के क्रम में इनका निर्धारित निरीक्षण (नियमित अन्तराल पर) अनिवार्य रूप से किया जाय तथा प्रतिवेदन अभिलेखबद्ध किया जाय।

10. संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा योजनाओं का वित्तीय एवं भौतिक प्रतिवेदन प्रत्येक माह की पाँच तारीख तक ऑनलाईन प्रविष्टि कराते हुए अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता के माध्यम से विभाग को निश्चित रूप से उपलब्ध करायेंगे।

11. इस योजना की स्वीकृति सक्षम प्राधिकार विभागीय सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा दिनांक 31.12.2017 को संचिका संख्या BRRDA(HQ) MMGSY (BRICS)-75/17 के पृष्ठ–12/टि० पर प्राप्त है।

12. इस योजना मद् में व्यय, बजट से प्राप्त राशि की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

13. यह आदेश वित्त विभाग की संकल्प संख्या 3758 दिनांक 31.05.2017 की कंडिका–4 में निहित प्रावधान के आलोक में एवं संचिका संख्या BRRDA(HQ) MMGSY (BRICS)-75/17 के पृष्ठ–12/टि० पर दिनांक 31.12.2017 को विभागीय सचिव के आदेशानुसार आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जा रहा है। आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या– BRRDA(HQ) MMGSY (BRICS)-75/17 के पृष्ठ संख्या 22/टि० पर दिनांक 16.3.18 को प्राप्त है।

विश्वासभाजन

19.3.18

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक: BRRDA(HQ) MMGSY (BRICS)-75/17 307 /पटना, दिनांक– 21.3.18

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव, प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग (आय–व्यय शाखा)/आंतरिक वित्तीय सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग/संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त/संबंधित जिला पदाधिकारी/संबंधित उपविकास आयुक्त/अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना/अवर सचिव, बजट शाखा, ग्रामीण कार्य विभाग/मुख्य अभियंता–1, 2, 3, पटना/मुख्य अभियंता–4/संबंधित अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल/संबंधित कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित तथा IT Nodal, ग्रामीण कार्य विभाग को विभाग के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव